## महत्वपूर्ण एवं खास

### ऑनलाइन फ्राड : कोरियर डिलीवरी के नाम पर मोबाइल में लिंक भेजकर ऑनलाइन ठगी

**रायगढ़।** दिनांक 12.12.2022 को पंचवटी कालोनी बोईरदादर में रहने वाले कमल कुमार अम्बवानी (उम्र 43 वर्ष) द्वारा थाना चक्रधरनगर में आवेदन देकर ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि इसका BLUE DART कोरियर से पार्सल आना था। दिनांक 10.12.2022 को दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से इसे अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया जो बोला कि आपने अपना पता अपूर्ण बताया है। अज्ञात व्यक्ति एड्रेस सुधारने के लिये 2/- रूपये का ऑनलाईन भुगतान करें कहकर मोबाइल पर एक लिंक भेजा जिस पर क्लिक करने के बाद पंजाब नेशनल बैंक रायगढ के खाता से एक बार 95,000/-रूपये फिर एक बार 4,950/-रूपये कुल राशि 99950/-रूपये बिना जानकारी के धोखाधडी कर निकाल लिया गया है। इसके बाद पंजाब नेशनल बैक के टोल फ्री में सम्पर्क कर हुये फ्राड की सूचना देकर खाते में लेन देन में रोक लगवा दिया और थाना चक्रधरनगर में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया। चक्रधरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा 420 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर किया गया है।

### चचेरे भाई पर धारदार हथियार से हमला करने वाले युवक पर हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 12.12.2022 को पुरानीबस्ती खरसिया में रहने वाले होम सिंह ठाकुर (उम्र 64 साल) द्वारा पुलिस चौकी खरसिया में उसके बेटे रूपेश ठाकुर पर घर के बगल में रहने वाले अजय ठाकुर द्वारा रंजीश पर गले में धारदार हथियार (चाकू) से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता बताया कि पुरानी बस्ती में अपना घर बनवा रहा है, निर्माणाधीन घर में सुबह लेबर पानी डाल रहे थे, घर के बगल में बडे भाई लेखनसिंह ठाकुर का मकान है। लेखनसिंह ठाकुर के मकान में थोडा पानी पड़ जाने से लेखन का बेटा अजय ठाकुर विवाद करने लगा। शाम को फिर उसी विवाद को लेकर अजय ठाकुर घर के पास गाली गुप्तार करने लगा। तब लडका रूपेश ठाकुर कमरे से निकलकर अजय ठाकुर को गाली गुप्तार करने से मना किया तो अजय ठाकुर अपने हाथ में रखे चाकू से बेटे रूपेश ठाकुर के गले में वार कर वहाँ से भाग गया। खरसिया पुलिस द्वारा आहत का मेडिकल कराया गया, आहत की स्थिति सामान्य है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 294,506,307 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी फरार है, पतासाजी की जा रही है।

### वार्ड क्रमांक 27 उप निर्वाचन के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 उप निर्वाचन के सफल संचालन हेतु प्रभारी/नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। इनमें संयुक्त कलेक्टर सुश्री ऋषा ठाकुर को ऑनलाईन नॉमिनेशन कार्य हेतु तथा डिप्टी कलेक्टर वेरनादत्त एक्का को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है।

### जस्टिस नरेंद्र व्यास व जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी एडिशनल जज से जज बने

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो जजों की नियुक्ति का आदेश जारी हो गया है। पहले दोनों जज अतिरिक्त जज थे, लेकिन भारत सरकार के इस आदेश के बाद वो हाईकोर्ट के जज बन गये हैं। इससे पहले नरेंद्र कुमार व्यास और नरेश कुमार चंद्रवंशी को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का एडिशनल जज बनाया गया था। ब पिछले म?हीने सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने दोनों का नाम प्रस्तावित किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नरेंद्र कुमार व्यास और नरेश कुमार चंद्रवंशी की दो साल के लिए हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में नियुक्ति की थी।

# रकबा वृद्धि वाले क्षेत्रों का करें निरीक्षण- सीईओ मिश्रा

- समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का करें शीघ्र निराकरण
- सीईओ मिश्रा ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक





**रायगढ़।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को धान खरीदी कार्यों में किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए खरीदी के साथ-साथ धान के उचित रखरखाव और उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कोचियों व बिचौलियों द्वारा अवैध धान परिवहन तथा विक्रय किए जाने पर कार्रवाई लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो अपना पूरा धान बेच लेते हैं उनकी सहमति से उनका रकबा समर्पण का कार्य तेजी से कराए। उन्होंने सभी समितियों में बारदाना पर्याप्त मात्रा में हो इस बात का विशेष ध्यान रखने एवं सभी नोडल अधिकारी को धान खरीदी केन्द्रों के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही उपार्जन केन्द्रों में कितना धान उठाव हुआ है, कितना टोकन जारी हुआ है, उसकी मॉनिटरिंग करें। जहां रकबा वृद्धि हुई है उन जगहों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

सीईओ मिश्रा ने वृहद समाधान शिविर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आगामी होने वाले समाधान शिविर के पहले वहां सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में हुए शिविर में कितने आवेदनों का निराकरण हुआ है, कितना पेंडिंग है, निराकरण क्यों नहीं हुआ, उसकी एकजायी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण अविलंब सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश डीईओ को दिए। साथ ही स्कूल के जिन बिल्डिंग में निर्माण कार्य की आवश्यकता है उनका प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने रोजगार विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी होने वाले भव्य प्लेसमेंट कैंप के बारे में जानकारी ली और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। रोजगार अधिकारी ने बताया कि अब 2418 लोगों को रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

सीईओ मिश्रा ने धरमजयगढ़ के ब्लड बैंक के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि ब्लड स्टोरेज में ब्लड की कमी नहीं रहे। ब्लड कैंप लगाए एवं लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। साथ ही प्रति सप्ताह ब्लड बैंक में कितना यूनिट ब्लड बचा है, कितनी आवश्यकता है, उसका रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। सीईओ मिश्रा ने घरेलू नल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारी को हर घर स्वच्छ जल प्रदाय कराने एवं जल जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अंत्यावसायी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को विभाग में संचालित योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, समस्त एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण-

सीईओ मिश्रा ने टीएल बैठक से पूर्व राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण जैसे राजस्व से जुड़े मामलों में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। असामायिक मृत्यु के किसी भी केस में संबंधित व्यक्ति के मृत्यु पश्चात उनके नजदीकी वारिसानों को मुआवजा राशि के लिए अनावश्यक न भटकायें। साथ ही इस बात पर भी विशेष ध्यान दें कि संबंधित व्यक्ति को मुआवजा राशि प्रदाय हुआ है या नहीं उनसे फोन पर भी संपर्क करें। इस दौरान उन्होंने तहसीलों की विवादित, अविवादित, खाता-विभाजन, नामांतरण जैसे विभिन्न प्रकरणों पर तहसीलवार जानकारी ली। उन्होंने एक साल से ज्यादा केस को लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए।

# चक्रधरनगर शासकीय स्कूल में महिला रक्षा टीम ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

- डीएसपी ने छात्राओं को दी अपराधों से बचाव की जानकारी



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर IUCAW डीएसपी निकिता तिवारी मिश्रा द्वारा महिला रक्षा टीम के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधरनगर जाकर स्कूली छात्राओं को यौन अपराध, साइबर अपराध एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय, यातायात नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने प्रेरित किया गया। डीएसपी निकिता तिवारी बताई कि बेटियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के निर्देशन पर 'हमर बेटी- हमर मान' अभियान प्रारंभ किया गया है इस अभियान के तहत पुलिस अधिकारीगण स्कूल, कॉलेजों में जाकर अपराध और अपराधों से बचाव की जानकारी दिया जा रहा है। डीएसपी निकिता तिवारी द्वारा छात्राओं को नाबालिगों को प्राप्त क़ानूनी अधिकारों के संबंध में जानकारी देकर छेड़खानी, यौन शोषण, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया क्राइम से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया गया तथा छात्राओं से कहा गया क यौन घटनाओं या छिंटाकशी पर चुप्पी ना साध कर ऐसे मामलों की शिकायत परिवारजानों और पुलिस में किये जाने चाहिए। डीएसपी निकिता तिवारी द्वारा मोबाइल का उपयोग आवश्यक कामों के लिए करने कहते हुए छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा द्वारा छात्राओं को हेल्प लाइन नंबर 112 की जानकारी देकर सेल्फ डिफेंस के टिप्स बताये गए, साथ ही यातायात नियम को विस्तार पूर्वक बताकर यातायात नियमों का पालन हम सब को करना चाहिए कहा गया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं अधिक संख्या में स्कूली छात्राएं एवं महिला रक्षा पुलिस टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला को डरा धमकाकर शारीरिक शोषण, आरोपी युवक गिरफ्तार

- पीड़िता की शिकायत पर चक्रधरनगर पुलिस नेआरोपी को भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 12.12.2022 को स्थानीय महिला थाना चक्रधरनगर में लिखित आवेदन देकर शिवा सारथी निवासी बापूनगर के विरूद्ध डरा-धमकाकर पिछले करीब 04 माह से शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। महिला के आवेदन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज कर अपने स्टाफ के साथ आरोपी गिरफ्तारी के लिये रवाना हुये और शहीद चौक के पास आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लेकर आये जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़िता बताई कि जहां वह काम करती है, वहीं आरोपी शिवा सारथी भी काम करता है। शिवा सारथी जून माह में एक दिन मिलने बुलाकर तुम्हारे फोटो, विडियो को गलत से वायरल कर बदनाम दूंगा की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाया जिसके बाद कई बार पति के जॉब को नुकसान पहचाने और तरह तरह की धमकियां देकर संबंध बनाया जिससे तंग आकर दिनांक 12.12.2022 को शिवा सारथी पर कार्यवाही के लिये रिपोर्ट दर्ज करायी। चक्रधरनगर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया गया, माननीय न्यायालय ने चक्रधरनगर पुलिस को आरोपी का 10 दिन का न्यायिक रिमांड दी है, जिस पर आरोपी शिवा सारथी पिता भगत राम सारथी उम्र 26 साल निवासी समीर चिकन सेंटर के पास शहीद चौक थाना कोतवाली रायगढ़ को जेल दाखिल कराया गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज, उप निरीक्षक संतरा चौहान और आरक्षक श्वेत बारिक की अहम भूमिका रही है।

# हाईवे किनारे खेत में मिले युवक के शव मामले का हुआ खुलासा, मृतक का दोस्त ही निकला हत्यारा

- आरोपी ने घटना छिपाने का किया हर संभव प्रयास, जूटमिल पुलिस ने लिया हिरासत में



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस द्वारा अनसुलझा प्रतीत हो रहे मर्ग की जांच में हर पहलुओं पर सूक्ष्मता से गंभीरतापूर्वक जांच कर मामले में हत्या की वजह तलाश कर हत्यारे तक पहुंची जो मृतक का ही दोस्त है।

जानकारी के मुताबिक मृतक बेदराम सिदार पिता दादूराम सिदार उम्र 32 साल निवासी अमलीभौना चौकी जूटमिल का शव 25 अक्टूबर को उड़िसा हाइवे पर ग्राम अमलीभौना के समीप सुरेन्द्र सिदार के खेत में पड़ा मिला। जूटमिल पुलिस मर्ग कायम कर पंचानामा कार्यवाही कर घटनास्थल पर मौजूद साक्ष्य संकलन कर शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर डॉक्टर द्वारा मृतक के सिर में आयी अंदरूनी चोट के कारण मौत होना लेख किया गया। मामला संदेहास्पद प्रतीत होने पर मृतक के मौत का वास्तविक कारणों का पता लगाने चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा पुनः पोस्टमार्टम रिपोर्ट का डॉक्टर से क्योरी कराये और रिपोर्ट प्राप्त कर अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए मृतक के घरवालों, दोस्तों से नये सिरे से पूछताछ प्रारंभ किये। मृतक के परिजनों से जानकारी मिली कि 23 अक्टूबर के शाम मृतक को अंतिम बार क्षेत्र में देखा गया है। जांचकर्ता मृतक के पूरे दिन का ब्यौरा निकले, अंतिम बार मृतक उसके दोस्त लखेश्वर खैरवार के साथ देखा गया था जो पहले पूछताछ में 23 अक्टूबर को दोनों एक साथ बैठकर शराब पीना किंतु उसकी हत्या से इंकार कर किया था। चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल ने संदेही से सर्विलांस और गवाहों से पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग तरीके से क्रास करते हुए पूछताछ करने पर संदेही टूट गया और अपना जुर्म स्वीकार कर 23 अक्टूबर के शाम अमलीभौना हाईवे किनारे खेत में एक साथ शराब पीना और झगड़ा विवाद पर डंडा से मारकर हत्या करना कबूल कर घटना का वृतांत बताया।

आरोपी लखेश्वर खैरवार पिता बोधन खैरवार उम्र 32 साल निवासी अमलीभौना जूटमिल बताया कि उसका साथी बेदराम सिदार (मृतक) का गांव अमलीभौना है पर बेदराम अपने ससुराल खरसिया में अधिकतर रहता है जिसके गांव आने पर दोनों 23 अक्टूबर की शाम हाईवे किनारे रोड में एक साथ शराब पिए, शराब पीने के दौरान बेदराम मोटरसाइकिल में ससुराल खरसिया छोड़कर आने बोला। तब उसे दूसरे दिन छोड़ आऊंगा बोला, तब बेदराम आज ही छोड़ने चल कहकर झगड़ा करने लगा, दोनों में विवाद हुआ और इसी विवाद के बीच खेत में पड़े एक डंडा उठाकर बेदराम के सिर में मारा जिससे वो बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। उसे वहीं छोड़कर अपने मोटरसाइकिल से घर आ रहा था, रास्ते में हाईवे पर मोटरसाइकिल से गिर गया। तब परिजनों को सड़क में एक्सीडेंट होने की जानकारी दिया तो घरवाले हाइवे पर आये और उठाकर घर लाये। बेदराम से मारपीट, घटना की जानकारी किसी को नहीं बताया था, 2 दिन बाद हाइवे किनारे खेत बेदराम का शव पुलिस को मिला। पुलिस जांच दौरान पूछताछ की थी जिन्हें गुमराह करने और अपराध को छिपाने के लिए उस समय सही नहीं बताया। जूटमिल पुलिस आज आरोपी पर धारा 302, 201 आईपीसी का अपराध दर्ज कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन में अनसुलझे मामले का पटाक्षेप करने में चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

# अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए कार्यवाही के निर्देश



- मांगों एवं समस्याओं को लेकर जनदर्शन में आए थे आवेदक

**रायगढ़।** कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आज दोपहर जनदर्शन का आयोजन हुआ। अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने जनदर्शन में आए आवेदकों की समस्यायें सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जिसमें सबसे ज्यादा आवेदन राशनकार्ड, विधवा एवं विकलांग पेंशन के थे। रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बेहरापाली, ग्राम-भुईयापाली की रहने वाली दिव्यांग सरिता डनसेना के आवेदन पर जनदर्शन में आज मौके पर अन्त्योदय अन्न योजना/विशेष कमजोर समूह का राशन कार्ड बनाया गया और उसके पति को सौंपा गया।

जनदर्शन में ग्राम पंचायत औराभांठा ग्राम-ठाकुरपाली के ग्रामवासी विद्युत मोटर पंप सेट प्रदाय के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ठाकुरपाली के नीचे मोहल्ला में पीने के पानी का एकमात्र साधन बोर पंप था जो कि मोटर खराब होने की वजह से वहां पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अपर कलेक्टर सुश्री जांगड़े ने ईई पीएचई को वहां शीघ्र पानी सप्लाई चालू कराने के निर्देश दिए। ग्राम-बनोरा की हीराबाई निषाद प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वे परिवार सहित दैनिक मजदूरी का काम करते है, स्वयं के पास पक्का मकान नहीं होने से उन्हें काफी समस्या हो रही है, उन्होंने प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए आग्रह किया, अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद को उक्त आवेदन पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। रायगढ़ के बैकुण्ठपुर निवासी निर्मल कुमार मरार शासन की योजना से नि:शुल्क दवा दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्ष पहले घर के आंगन में गिर जाने से वे कोमा की स्थिति में चले गये थे। डॉक्टर के इलाज पश्चात अब वे ठीक है, डॉक्टर के अनुसार उन्हे आजीवन दवाई लेना पड़ेगा। पूर्व में उन्हें रेडक्रास के माध्यम से दवाई भी उपलब्ध हो रही थी, लेकिन अब रेडक्रास के द्वारा उन्हें दवाई प्रदाय नहीं किया जा रहा है। अपर कलेक्टर सुश्री जांगड़े ने रेडक्रास सोसायटी को उनके आवेदन पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तहसील खरसिया के ग्राम पण्डरीपानी निवासी हीरादास महंत पूर्व में आबंटित भूमि का स्थायी पट्टा दिलाये जाने के संबंध मे आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उन्हें वर्ष 1990 में शासन द्वारा आबादी भूमि प्रदाय किया गया था, जिसमें वे निरंतर काबिज है। जिसका आबादी पट्टा आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हो पाया है। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार खरसिया को उक्त आवेदन पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन के दौरान संयुक्त कलेक्टर डी.आर. रात्रे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सौर सुजला योजना से विद्युत की निर्भरता हुई खत्म, फसलों में बढ़ोतरी के साथ आमदनी हुई दुगुनी

- जिले के 2500 से अधिक हितग्राहियों ने उठाया सौर सुजला योजना का लाभ





**रायगढ़।** जिला मुख्यत: कृषि प्रधान है, जहां वर्षा आधारित कृषि की जाती है, ऐसे में खेतों तक विद्युत विस्तार करना किसानों के लिए भी खर्चीला सौदा साबित होता है। जिसके कारण किसानों को खरीफ की फसलों में वर्षा की लेट लतीफी होने से काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं पानी की दिक्कतों से किसान रबी फसल नहीं ले पाते थे, लिहाजा दोनों फसलों में आर्थिक नुकसान की आशंका किसानों को बनी रहती है। इसी समस्या को देखते हुए शासन द्वारा सौर सुजला प्रारंभ किया गया। जिससे अब किसानों को न बिजली पर निर्भर होना पड़ेगा ना ही बिल का झंझट। सौर सुजला योजना से आज जिले के प्रगतिशील किसान रबी एवं खरीफ दोनों फसलों को बिना परेशानी के ले पा रहे है, जिससे उत्पादन के साथ उनकी आमदनी भी बढ़ी है।

क्रेडा जिला प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखंडो में हितग्राही चारागाह एवं गोठान में सौर सुजला योजना अन्तर्गत 2016 से 2021-22 तक कुल 2955 नग सोलर पंप स्थापित किया जा चुका है। जिसमें हितग्राहियों की संख्या 2693 है। इसके अलावा 250 गोठान एवं 12 चारागाह शामिल है। आज इन सभी जगहों पर पानी की समस्या खत्म होने से सभी प्रकार के कृषि,सब्जी उत्पादन के साथ अन्य कार्य सुचारु तरीके से किया जा रहा है। किसान धान के साथ सब्जी फसल भी ले रहे है, जिससे उन्हे अतरिक्त लाभ प्राप्त हो रहा है। शासन द्वारा सौर सुजला योजना अंतर्गत रियायती दरों पर सोलर पंप उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें क्रमश: 03 एवं 05 एचपी क्षमता वाले पंप के लिए एसटी व एससी वर्ग को 7 एवं 10 हजार, ओबीसी वर्ग के लिए 12 हजार एवं 15 हजार, जनरल को 18 से 20 हजार अंशदान/अनुदान का प्रावधान है।

धरमजयगढ़ पेलमा निवासी सुरेश राठिया ने बताया कि पहले खरीफ की फसल आसानी से हो जाती थी, लेकिन पानी की समस्या के कारण रबी की फसल लेने में दिक्कत होती थी। ऐन वक्त में बिजली की समस्या भी आ जाती थी, लेकिन अब सौलर पंप लगने से बिजली और बिल दोनों की समस्या खत्म हो गई। अब वे खरीफ और रबी दोनों फसल को बड़ी आसानी से ले पा रहे है और इससे उनकी आमदनी बढ़ी है। इस वर्ष उन्होंने धान, मूंगफल्ली, मटर, सब्जियां लगाया है।

धरमजयगढ़ कॉलोनी निवासी परेश कुमार विश्वास बताते हैं कि सोलर पंप लगने से बिजली और पानी की समस्या दूर हो गई है। विश्वास खरीफ और रबी दोनों प्रकार की फसलों का प्रचुर मात्रा में उत्पादन कर रहे है। इस वर्ष उन्होंने मक्का, मुगफल्ली, तरबूज जैसे फसल लिए है। पानी की उपलब्धता से फसल उत्पादन क्षमता बढ़ी है और आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा सौर-सुजला योजना शासन की अच्छी योजना है, किसानों को इस योजना का लाभ लेना चाहिए, इससे उत्पादन क्षमता बढने के साथ ही उनको दोहरा लाभ मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480